भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2966
10 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि के लिए सकल मूल्यवर्धन

2966. श्री अबू ताहेर खानः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान कृषि के लिए सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) की दर और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या विगत 3 वर्षों में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के लिए बजटीय आवंटन में कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने औसत कृषि आय की गणना की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या पिछले 5 वर्षों में कृषि आय में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)

(क): 2024-25 के दौरान, जीवीए के पहले संशोधित अनुमान (एफआरई) के अनुसार कृषि क्षेत्र के जीवीए में 9.2% की वृद्धि दर्ज की गई। विगत पांच वर्षों के दौरान (वर्तमान मूल्यों पर) कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) प्रतिशत वृद्धि निम्नानुसार है:

वर्ष	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 (एफआरई)
वर्तमान मूल्यों पर	10.0	10.6	8.5	7.6	9.2

स्रोत: एमओएसएंडपीआई

(ख): विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के अंतर्गत बजटीय आवंटन निम्नानुसार है -

(राशि करोड़ रुपये में)

2022-23	4500.00
2023-24	2240.00
2024-25	6551.26

(ग) और (घ): देश में कृषि परिवारों की औसत मासिक आय का अनुमान समय-समय पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित "कृषि परिवारों के स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एसएएस)" के माध्यम से लगाया जाता है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वेक्षण के नवीनतम एनएसएस 77वें दौर (जनवरी, 2019 - दिसंबर, 2019) के अनुसार, फसल उत्पादन, पशुपालन, मजदूरी, गैर-कृषि व्यवसाय और भूमि को पट्टे पर देने सहित विभिन्न स्रोतों से प्रति कृषि परिवार औसत मासिक आय 10,218 रुपये प्रति माह होने का अनुमान है। इन स्रोतों का योगदान स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों, खेत के आकार और फसल पैटर्न के आधार पर भिन्न-भिन्न राज्यों में भिन्न-भिन्न होता है। इन सर्वेक्षणों के अनुसार, प्रति कृषि परिवार अनुमानित औसत मासिक आय वर्ष 2012-13 (एनएसएस 70 वां दौर) में ₹ 6,426 से बढ़कर वर्ष 2018-19 (एनएसएस 77 वां दौर) में ₹10,218 हो गई।

*****